# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–15 नवम्बर 2024** **सान्ध्य समाचार**

आज पूरे प्रदेश में देव दीपावली का पर्व भव्य दीपोत्सव के वातावरण में मनाया जा रहा है। वाराणसी जिले के चौरासी घाटों पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मौजूदगी में देव दीपावली उत्सव की शुरूआत हुई। वहां पर सत्रह लाख दीप जलाए गये। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नमो घाट का उद्घाटन किया । इस मौके पर घाट पर अमेरिका से आए सांस्कृतिक ग्रुप ने शिव तांडव नृत्य प्रस्तुत किया । साथ में क्रैकर शो का भी आयोजन किया गया । उपराष्ट्रपति ने कारगिल विजय युद्ध पर आधारित आज की विशेष गंगा आरती को भी देखा। इस मौके पर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहे।

**********

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने पीसीएस परीक्षा की नई तिथि घोषित कर दी है। आयोग के अनुसचिव ओंकार नाथ सिंह ने पत्र के माध्यम से जानकारी दी है कि अब यह परीक्षा बाइस दिसम्बर को दो सत्रों में आयोजित की जाएगी। इस बीच, आठ दिसम्बर को प्रस्तावित उत्तर प्रदेश उच्च न्यायिक सेवा परीक्षा दो हजार तेईस भी अगली सूचना तक टाल दी गयी है।

**********

प्रदेश के नौ विधानसभा क्षेत्रों में बीस नवम्बर को प्रस्तावित उपचुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में वरिष्ठ नेता और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का चुनाव अभियान जारी है। उन्होंने आज अम्बेडकरनगर के कटेहरी विधानसभा क्षेत्र और मिर्जापुर के मझवां विधानसभा क्षेत्र में रैलियों को संबोधित किया। उन्होंने डबल इंजन सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए विपक्षी दलों पर काम न करने का आरोप लगाया। उधर, सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भी कल प्रयागराज के फूलपुर विधानसभा क्षेत्र में रैली को सम्बोधित करते हुए भाजपा की नीतियों पर निशाना साधा था।

**********

अड़सठवीं राष्ट्रीय विद्यालयीय कुश्ती प्रतियोगिता गोरखपुर के वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में कल से शुरू होगी । इसका उद्घाटन प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही करेंगे। अंडर चौदह श्रेणी की यह प्रतियोगिता बीस नवम्बर तक चलेगी। संयुक्त शिक्षा निदेशक सप्तम मंडल सतीश सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में लगभग साढ़े चार सौ से ज्यादा खिलाड़ी शामिल होंगे। देश के प्रत्येक राज्य से लगभग पैंतालिस टीम भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता को लेकर आज पूर्वाभ्यास भी किया गया।

**********

गुरु नानक देव जी की पांच सौ पचपनवीं जयंती आज पूरे देश में धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनायी जा रही है। सिख धर्म की स्थापना करने वाले सिखों के पहले गुरु, गुरु नानक देव जी की जयंती को गुरु पर्व के रूप में भी मनाया जाता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मौके पर आज लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग भी किया। उन्होंने एक सोशल मीडिया संदेश में कहा है कि श्री गुरुनानक देव जी महाराज ने समाज को एकजुट कर सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

**********

कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर आज भोर से ही श्रद्धालुओं ने प्रदेश की अलग अलग नदियों में स्नान कर पूजा पाठ किया। पिछले एक माह से अयोध्या में कल्पवास कर रहे श्रद्धालु आज स्नान के बाद वापस लौटने लगे हैं। वहां श्रद्धालुओं ने नागेश्वरनाथ, कनक भवन, हनुमानगढ़ी, रामजन्मभूमि और श्री राम बल्लभा कुंज मंदिरों में दर्शन पूजन किया। वाराणसी, प्रयागराज, बलिया, बलरामपुर, गोरखपुर, पीलीभीत, कन्नौज, हापुड़ और अमरोहा में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में स्नान और पूजा पाठ किया। कुशीनगर जिले में भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली पर बौद्ध भिक्षुओं ने महापरिनिर्वाण मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की।

**********

चंदौली जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र के जसूरी गांव के तालाब में कार्तिक पूर्णिमा का स्नान करने गई दो बहनों का पैर फिसलने से डूब कर मौत हो गई। वहीं अलीनगर के कैली गांव में आठ वर्षीय बच्ची भी पूर्णिमा स्नान के दौरान डूब गई। अंतिम समाचार मिलने तक पुलिस गोताखोरों की मदद से बच्ची की तलाश में जुटी हुई थी।

**********

प्रदेश में हुई चार अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि बाइस लोग घायल हो गये। अयोध्या जनपद के रुदौली कोतवाली थाना क्षेत्र में कूड़ा सादात कट पर घूमते हुए ट्रक में आज सुबह एक कार और ट्रैवेलर की जोरदार टक्कर से कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि ट्रैवेलर सवार पंद्रह लोग घायल हो गये।

वहीं, अमरोहा जिले के रजबपुर थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर जनकपुरी के निकट आज सुबह कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा धाम तिगरी से गंगा स्नान कर वापस लौट रहे बाइक सवार तीन लोगों को अनियंत्रित पिक अप ने टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। एक अन्य हादसे में अमरोहा जिले के ही नौगावां सादात थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल सवार दो सगे भाईयों की पिक अप से टकराने के कारण मृत्यु हो गई।

फरुर्खाबाद जनपद के राजपुर थाना क्षेत्र में एनएचएआई के निर्माणाधीन सड़क पर घने कोहरे के कारण आज सुबह एक रोडवेज बस और डंपर की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि छह सवारियां घायल हो गईं।

**********